आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एलिफेंट बीच, पर नई जल क्रीड़ा गतिविधि 'फ्लाई बोर्ड' का उद्घाटन किया गया।
2. वयस्कों और उनके जीवनसाथी के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि डेटा तैयार करने के लिए द्वीपों में सर्वेक्षण का कार्य जून तक जारी रहेगा।
3. चैत्र नवरात्रि का उत्सव आज से शुरू हो गया है।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने जंगलीघाट में स्ट्रीट वेंडरों के लिए ओपन मार्केट स्पेस निर्धारित किया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाते हुए, कल सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक विनायक चमाड़िया ने स्वराज द्वीप स्थित एलिफेंट बीच, पर नई जल क्रीड़ा गतिविधि 'फ्लाई बोर्ड' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशालय के अधिकारी और जल क्रीड़ा संचालकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। प्रशासन के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी निर्धारित सुरक्षा उपायों, प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती और प्रमाणित उपकरणों के उपयोग को सुनिश्चित किया गया है। इसके शुरू होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और जिम्मेदार साहसिक पर्यटन के विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे द्वीपों की पहचान एक 'प्रीमियर एडवेंचर डेस्टिनेशन' के रूप में और मजबूत होगी। इस गतिविधि में, एक व्यक्तिगत वॉटरक्राफ्ट से जुड़े शक्तिशाली वाटर जेट के माध्यम से राइडर को समुद्र की सतह से ऊपर हवा में धकेला जाता है। इससे पर्यटक हवा में करतब दिखाने के साथ–साथ समुद्र के मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

<><><><><><><>

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस आज पश्चिम एशिया क्षेत्र से 48 निर्धारित और विशेष उड़ानें संचालित करेंगी। दोनों एयरलाइंस जेद्दा और मस्कट के लिए अपनी नियमित सेवाएं जारी रखेंगी, जिनमें भारत और जेद्दा के बीच 16 उड़ानें शामिल हैं। एयर इंडिया दिल्ली और मुंबई से एक–एक वापसी उड़ान संचालित करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस बेंगलुरु, हैदराबाद और कोझिकोड से उड़ान भरेगी। मस्कट के लिए छह निर्धारित उड़ानें संचालित होंगी, जो दिल्ली, कोझिकोड और मुंबई को कवर करेंगी। इसके

अतिरिक्त, एयर इंडिया दिल्ली से रियाद के लिए दो वापसी उड़ानें संचालित करेगी। निर्धारित सेवाओं के अलावा, एयरलाइंस संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के लिए 30 विशेष उड़ानें संचालित करेंगी, जो उपलब्धता और स्थानीय परिचालन स्थितियों पर निर्भर होंगी।

<><><><><><><>

भारतीय स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर की ओर से द्वीप समूह में क्षेत्रीय अन्वेषकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। यह पहल 'लॉन्गीट्यूडल एजिंग स्टडी इन इंडिया' के दूसरे चरण का हिस्सा है। LASI भारत का प्रमुख सर्वेक्षण है, जिसे 45 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों और उनके जीवनसाथी के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि डेटा तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस सर्वेक्षण को तीन मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें पारिवारिक सर्वेक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार और स्वास्थ्य मूल्यांकन शामिल है। सर्वेक्षण के लिए 16 क्षेत्रीय अन्वेषकों को प्रशिक्षित किया गया है। IIHMR टीम द्वारा ये क्षेत्रीय कार्य जून के मध्य तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

राज्य क्षय रोग इकाई की ओर से विश्व क्षय रोग दिवस जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। देश, के नेतृत्व में। समुदायों के सहयोग से विषय पर चौबीस मार्च को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में आई ई सी गतिविधियों के माध्यम से टीबी के रोकथाम और बचाव के लिए लोगों में जागरूकता फैलाई जाएगी। इस सिलसिले में टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह साढ़े दस बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न स्कूलों– कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

चैत्र नवरात्रि का पावन उत्सव आज से शुरू हो गया है। नौ दिवसीय पर्व को लेकर देशभर में उत्साह और उमंग है। आज पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने जंगलीघाट में रविवार को इस क्षेत्र में बिक्री गतिविधियाँ करने वाले स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक ओपन मार्केट स्पेस विकसित किया है। परिषद ने सभी स्ट्रीट वेंडरों से सभी लागू मानदंडों और नियमों के पालन करते हुए इस नव–निर्धारित स्थान का उपयोग करने को कहा है। इस

स्थान को उचित योजना के साथ विकसित किया गया है ताकि विक्रेताओं और जनता दोनों के लिए एक सुरक्षित, सुलभ और सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान किया जा सके। साथ ही, इससे आसपास के क्षेत्रों में यातायात का सुचारू संचालन और पैदल यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। सभी संबंधित विक्रेताओं के लिए यह सुविधा 22 मार्च, से लागू होगी।

<><><><><><><>

विश्व सामाजिक न्याय दिवस कल मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में, दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और अधिकारिता के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केंद्र की ओर से जेएनआरएम गैलरी में विशेष जागरूकता–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला यौन उत्पीड़न की रोकथाम–POSH अधिनियम, 2013 और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 पर आधारित थी। कॉलेज की प्रचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी समाज के निर्माण में छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इससे पहले CRC के सहायक वेंकट रमना ने युवाओं के बीच सामाजिक न्याय और समावेशी जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। सीआरसी की निदेशक सुमिथामोल एस. ने  दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सीआरसी की गतिविधियों और पहलों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्रों को सामाजिक न्याय की शपथ दिलाई। तकनीकी सत्र के दौरान 'राइट्स फॉर ऑल' की अध्यक्ष रुबीना सिद्दीकी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम और सीआरसी  की पुनर्वास अधिकारी सरन्या आर.के. ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर वन स्टॉप सेंटर ने स्वच्छता, स्वच्छता प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर जागरूकता और स्वच्छता अभियानों की एक श्रृंखला आयोजित की। एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान जिले के विभिन्न आंगनवाडी केन्द्रों में व्यक्तिगत स्वच्छता और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर महिलाओं और किशोरियों को जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वीपसमूह के विभिन्न हिस्सों में स्थित अपने सभी गोदामों और पी.डी.सी. का वार्षिक भौतिक सत्यापन कार्य करने जा रहा है। यह सत्यापन 25 मार्च से 31

मार्च तक चलेगा। वार्षिक भौतिक सत्यापन की इस अवधि के दौरान सभी प्रकार के लेनदेन पूरी तरह से स्थगित रहेंगे।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से जहाजरानी सेवा निदेशालय के मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर में कल भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में विभागीय कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान खोज तथा बचाव अभियान और प्राथमिक उपचार पर अभ्यास किया गया। पूरी प्रक्रिया निदेशालय के उप निदेशक (प्रभारी), के समग्र पर्यवेक्षण में आयोजित की गई।

<><><><><><><>

अग्निशमन केंद्र बाराटांग की ओर से अनिडको पेट्रोल पंप में मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया समय, अग्निशमन दक्षता और कर्मचारियों के समन्वय का आकलन करना था। यह अभ्यास 40 KL के भूमिगत टैंक में डीजल भरते समय ईंधन डिस्पेंसर लाइन में आग लगने की एक काल्पनिक स्थिति पर आधारित था। समीक्षा सत्र के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल, कमियों और सुधार के क्षेत्रों की पहचान और बुनियादी प्रशिक्षण पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

<><><><><><><>